बिरला शिशु विहार, पिलानी में पद अलंकरण समारोह का आयोजन

खबरी प्रशाद, पिलानी. बिरला शिशु विहार, पिलानी में अप्रैल 10, 2024 (बुधवार) को पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिरला शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर मेजर जनरल एस. एस. नायर, एसवीएसएम (Retd.) थे। प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय में छात्राओं को प्रभार देने का उद्देश्य छात्राओं में कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। इससे छात्राओं में अनुशासन, सहयोग, आत्मविश्वास एवं आत्म-विकास की भावना जागृत होगी। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र कार्यकारिणी परिषद का गठन किया गया, जिसके तहत कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को उनके पद के अनुसार बैज प्रदान किये गये। विद्यालय के सभी सदनों के प्रमुख, महासचिव, विद्यालय मुखिया चुने गये। जिसमें विद्यालय हेड बॉय शौर्य सिंधु को व साक्षी को हेड गर्ल, शिक्षा सिंह को अकादमिक हेड, अपूर्व सिंह व कीर्ति सिहाग को एटीएल लैब कैप्टेन, सोहिल मलिक व भव्या सिंह को स्पोर्ट्स कैप्टेन, विहान जांगिड़ को स्कूल रचनात्मक प्रमुख, कनिका को सांस्कृतिक प्रमुख, निष्ठा को समाज सेवा प्रधान, दिव्या को सभा प्रमुख, जतिन पुनिआ को अनुशासन प्रभारी, दिया बुडानिया को एनसीसी कप्तान, प्रयाग को पर्यावरण प्रधान, दिया सिंह, सामरिक मजूमदार व पाखी पुनिआ को छात्र संपादक, गांधी हाउस कैप्टेन जतिन को व वाईस कैप्टेन राधिका को, रमन हाउस कैप्टेन दीपेश सिंह शेखावत व वाईस कैप्टेन सनेहा मलिक को, टैगोर हाउस कैप्टेन आयुष शर्मा व वाईस कैप्टेन मयंक नांगलिआ को तथा सुभाष हाउस कैप्टेन ज्योतसना शर्मा व वाईस कैप्टेन राहुल को नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम के अपेक्षित कार्यान्वयन और उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि ने सभी छात्र प्रभारियों को अपना कार्यभार सौंपा। उन्होंने कर्तव्य एवं अनुशासन की शपथ दिलाई एवं अभिव्यक्त किया उम्मीद है कि उन्होंने जो भरोसा जताया है उस पर वह खरा उतरेंगे।

विद्यार्थियों ने अलग-अलग गानो पर उम्दा प्रस्तुति दी। जिसका वह उपस्थित दर्शकों ने खुब आनंद उठाया।

अंत में हेड गर्ल साक्षी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के डिप्टी डायरेक्टर (फाइनेंस) डॉ. जी.एस. गौड़, डॉ. एम. कस्तूरी प्राचार्य बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी, एस.पी.आनंद, प्रधानाध्यापक, बिड़ला स्कूल पिलानी, गुरिंदर सिंह गिल, चीफ इंजीनियर, बीईटी, चयनित विद्यार्थी, अध्यापकगण, अभिभावक उपस्थित थे।

विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ ने सभी पद प्राप्त विद्यार्थी को बधाई दी व कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए श्रीमति ज्योतसना शर्मा, श्री श्यामा प्रसाद दत्ता, श्रीमति नमिता पारीक, [illegible] श्रीमति रागिनी शर्मा [illegible] बर्सर को धन्यवाद ज्ञा[illegible]